# चीनी का उत्पादन 246 लाख टन

**नई दिल्ली** ◆ चालू पेराई सीजन 2011-12 (अक्टूबर से सितंबर) में 15 अप्रैल तक चीनी के उत्पादन में 13% की बढ़ोतरी हुई है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) के अनुसार चालू पेराई सीजन में अभी तक 246.31 लाख टन चीनी का उत्पादन हो चुका है जबकि पिछले साल की समान अवधि में 217.32 लाख टन का उत्पादन हुआ था। इस्मा के अनुसार चालू पेराई सीजन में महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन बढ़कर 85.46 लाख टन का हो चुका है जोकि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 9% ज्यादा है। महाराष्ट्र में गन्ने में रिकवरी 11.57 फीसदी की आ रही है। इसी तरह से उत्तर प्रदेश में 16 अप्रैल तक चीनी का उत्पादन बढ़कर 69.16 लाख टन का हो चुका है जोकि पिछले साल के मुकाबले 18 फीसदी ज्यादा है। दक्षिण भारत में कर्नाटक में चालू पेराई सीजन में अभी तक 37.25 लाख टन चीनी का उत्पादन हो चुका है जबकि कर्नाटक में चालू पेराई सीजन में अभी तक 14.50 लाख टन चीनी का उत्पादन हो चुका है। आंध्रप्रदेश में चालू पेराई सीजन में 15 अप्रैल तक 10.95 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। इस्मा के अनुसार चालू पेराई सीजन में देश में चीनी का कुल उत्पादन बढ़कर 260 लाख टन होने का अनुमान है। जबकि खाद्य मंत्रालय के अनुसार चालू पेराई सीजन में उत्पादन 251-252 लाख टन का होने का अनुमान है। देश में चीनी की सालना खपत 220-225 लाख टन की होती है। **(एजेंसियां)**